क्र. 1863, दिनांक 17 दिसम्बर, 2002

# ग्रामीण विकास समिति,


प्रशा. कार्यालय – कालेज वार्ड–54 गोल चौक, रोहिनीपुरम, डंगनिया, रायपुर (छ.ग.)
Mob no.9009205000, 91315-45441 E-mail:- graminvs@yahoo.in,www.graminvikassamiti.org.in

## वार्षिक प्रतिवेदन

## वर्ष 2020–21

### 0 1. विश्व पर्यावरण दिवस :-

संस्था द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम टुण्डरी, विकास खण्ड - बिलाईगढ़ जिला - बलौदा बाजार में किया गया जिसमें संस्था के अध्यक्ष श्रीमति सवित्री साहु जी की अध्यक्षता की किया गया। जिसके कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त ग्रामवासियों एवं संस्था के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहें। संस्था के सचिव श्री हर्ष कुमार शर्मा द्वारा पर्यावरण का संतुलन बिगड़ने से होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया एवं वृक्षो की कटाई न करने हेतु तथा वृक्षारोपण अधिक से अधिक करने हेतु अपील किया गया। अंत में पौध वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।






### 0 2. औषधि एवं पादप बोर्ड अंतर्गत निःशुल्क पौधा वितरण :-

संस्था द्वारा रायपुर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होम हर्बल गार्डन योजनांतर्गत निःशुल्क औषधि पौधा वितरण का कार्य किया गया। जिसके अंतर्गत निम्नानुसार औषधि प्रजातियां आडुसा, गिलोय, स्टीरिया, शतावर, कालमेघ, एलोवेरा, गुडमार, तुलसी, वच, हडजोड़, पिप्पली, ब्राम्ही, मुनगा, अंश्वगंधा तथा आंवला प्रजातियों के पौधों का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष श्रीमति सवित्री साहु जी द्वारा सभी ग्रामीण क्षेत्रों के स्वसहायता महिला समुह एवं युवा मंडल द्वारा पौधा का वितरण एवं रोपण किया गया।

ग्रामीणों एवं शहरी क्षेत्रों में अधिक मात्राओं में औषधि पौधे का रोपण किया गया एवं साथ ही लोगों को जागरूक करते हुए उस पौधें के महत्व को बताया गया। संस्था के सचिव श्री हर्ष कुमार शर्मा एवं अन्य सदस्य गण की सहभागिता में कार्य को सपन्न कराया गया।

## 03.कोविड -19 जागरूकता कार्यक्रम :-

संस्था द्वारा ग्राम रूही विकासखण्ड पाटन, जिला - दुर्ग में **कोविड-१९ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके** अंतर्गत ग्राम के युवा संगठन एवं महिला स्वसहायता समुह के सदस्यों के द्वारा जन-जागरूकता रैली, की आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व **सचिव श्री हर्ष शर्मा जी** द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में ०२ गंज दुरी मास्क है जरूरी का नारा लगाया गया एवं सैनिटाईजर के उपयोग एवं महत्व को बताया गया। आमजनों को साबुन से बार-बार हाथ धोना, आंख नाक एवं मुह को स्पर्श करने से बचें, खांस रहे एवं छिकतें हुए व्यक्ति से कम से कम ०१ मीटर (०३फीट) की दुरी बनाये रहें, यदि आपको बुखार खांसी या सांस लेने में कठिनाई होती है तो तुरंत चिकित्सा उपचार लें तथा अपने स्वास्थ्य परामर्शदाता द्वारा दी गयी सलाह का पालन करें।






## 04.अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस :-


संस्था द्वारा 21/06/2020 को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकासखण्ड मगरलोड, जिला - धमतरी में शिविर लगाकर योग दिवस का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें संस्था के सचिव श्री हर्ष शर्मा एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे, ग्रामीण के सभी युवाओं और बच्चों ने इस योग दिवस कार्यक्रम में भाग ही नही बल्कि योग हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना महत्वपूर्ण इसके बारे में लोगो को जागरूक किया। सचिव श्री हर्ष शर्मा द्वारा कोविड-19 महामारी को दुर करने के लिए योगासन जीवन में बहुत जरूरी हैं। इस कार्यक्रम में गांव के युवा-युवतियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।






## ०5. जल शक्ति अभियान :-

देश में लगातार भू जल का स्तर कम होने की वजह से जल संकट के बढ़ती विकरालता को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से संस्था द्वारा बलौदाबाजार जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड अंतर्गत पवनी ग्राम में जल शक्ति अभियान चलाया गया जिसमें आस-पास के ग्राम के युवाओं को इकठ्ठा कर ग्राम में हैंडपंपों के पास सोखता गढ्ढे का निर्माण करना सहित ग्रामीणों को जल संरक्षण के उपायों के बारे में बताया गया। श्रीमति सवित्री साहु के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में सचिव व अन्य सदस्य गण भी उपस्थित रहें। संस्था के सचिव श्री हर्ष कुमार शर्मा द्वारा जल के महत्व को बताते हुए आम जनों को जागरूक किया तथा भविष्य में होने वाले जल संकटों के बारे में उन्हे बताया गया। जल ही जीवन है, तथा जल है तो कल है का नारा देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



## ०6. स्वच्छता अभियान दिवस :-

संस्था द्वारा ०२ अक्टुबर २०२० को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर ग्राम - मगरघटा, विकासखण्ड - पाटन, जिला - दुर्ग में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के सचिव श्री हर्ष शर्मा एवं ग्राम के संरपच - डालुराम निषाद के उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान अंतर्गत ग्रामजनों को स्वच्छता के महत्व को बताया गया। ग्रामों के सभी लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं ग्राम के तालाबों सहित विभिन्न स्थानों में साफ- सफाई की। साथ ही संस्था के द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता हमारे जीवन-यापन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है अस्वच्छता के कारण कई प्रकार की बीमारी से अवगत कराया गया। कूड़ा कचरा कूडादान का प्रयोग करे सुखा व गीला कचरा अलग-अलग रहे।





स्वच्छ पेयजल उपयोग करे, शौचालय का प्रयोग करे, अधिक से अधिक पेड़ लगाये आपने आसपास सफाई रहे जैसी जानकारियां दी गई। संस्था के सदस्य श्री धनसाय सोनवानी द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।



## 07. पोषण अभियान कार्यक्रम का आयोजन :-

संस्था द्वारा आंगनबाडियों में जाकर पोषण अभियान चलाया गया । कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बच्चों एवं गर्भवती माताओं के खानपान के संबंध में जानकारी दी गई । साथ ही संस्था के अध्यक्ष श्रीमति सावित्री साहु जी के द्वारा इस संबंध में शासन द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी व ऐसे कार्यक्रमों में सहभागीता हेतु भागीदारी सुनिश्चित करने तथा सामाजिक कुरूतियों को दुर करने हेतु दृढ़ संकल्प लेने अपील किया गया।

